संक्षिप्त

संत रविदास जी का प्रकाश पर्व मनाया

श्रीमाधोपुर। श्री गुरुद्वारा सिंह सभा पंजाबी मोहल्ला श्रीमाधोपुर के सरदार अर्जुन सिंह ने बताया कि बुधवार को संत श्री रविदास जी का प्रकाश पर्व मनाया गया। प्रात: 6 बजे से प्रकाश श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी व श्री जपजी साहिब पाठ, 7 बजे से श्री सुखमणि साहिब पाठ, 8:15 बजे से आशा दीवार व कीर्तन दरबार , 9:30 बजे आरती एवं अरदास तथा 10 बजे से गुरु का लंगर भरपाया गया। श्री गुरुद्वारा सिंह सभा के अनुसार कार्यक्रम में हरीश वधवा, दीनदयाल सतीजा, टेकचंद नारंग, दक्ष वधवा, ठाकुरदास, नरेंद्र आदि एवं महिलाओं में सुनीता पंजाबी, ललिता खुराना, साक्षी खुराना, वर्षा कक्कड़ ,सिमरन नारंग, अमृत कौर आदि काफी क्षेत्रवासियों ने कार्यक्रम में भाग लिया ।

सहकारिता मंत्री को सौंपा ज्ञापन

निवाई। सरसों खरीद प्रति किसान 40 क्विंटल एवं प्रत्येक ग्राम सेवा सहकारी समिति को खरीद केंद्र बनाने के की मांग को लेकर किसान महापंचायत पदाधिकारियों ने सहकारिता मंत्री गौतमकुमार दक को ज्ञापन सौंपा है। महापंचायत के युवा प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद चौधरी व जिलाध्यक्ष गोपीलाल जाट ने बताया कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर अधिकतम 25 क्विंटल सरसों एक किसान से खरीदी जाती है। जिसे बढाकर 40 क्विंटल करवाने किया जाए, न्यूनतम समर्थन मूल्य को गारंटी कानून बनाने व प्रत्येक ग्राम सेवा सहकारी समिति को खरीद केंद्र बनाने की मांग को लेकर मंत्री गौतमकुमार दक को ज्ञापन सौंपा है।

फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर आज से

कोटपूतली। एग्रीस्टेक योजनांतर्गत फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर 13 फरवरी गुरूवार से आयोजित किये जायेगें। कोटपूतली एसडीएम बृजेश कुमार ने बताया कि एग्रीस्टेक योजनांतर्गत फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर तहसील कोटपूतली की ग्राम पंचायत बखराना व रायकरणपूरा में 13 से 15 फरवरी को आयोजित किये जायेगें।

यातायात के नियमों की जानकारी दी

चौमू / कालाडेरा । कालाडेरा थाना प्रभारी बाबूलाल मीणा ने बुधवार को थाने के सामने से गुजरने वाले वाहन चालकों को यातायात नियमों की जानकारी देने के साथ ही यातायात नियमों की पालना करने की बात कहीं वहीं मोटरसाइकिल पर परिवार के सदस्यों के साथ जा रहें छात्र - छात्राओं को यातायात नियमों की जानकारी के साथ हेलमेट लगाने व तेज गति से वाहन न चलायें और परिवार के सदस्य को वाहन चलाने के दोरान हेलमेट व सीट बेल्ट का उपयोग करने की जानकारी दी।

प्रायोगिक परीक्षा आज से

निवाई। राजकीय महाविद्यालय में महर्षि दयानंद सरस्वती विश्वविद्यालय के आदेशानुसार स्नातक स्तर पर सेमेस्टर प्रथम आंतरिक एवं तृतीय वर्ष प्रायोगिक परीक्षा 13 से 28 फरवरी तक आयोजित होगी महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दीपकराज जैन ने बताया की महाविद्यालय द्वारा जारी आंतरिक व प्रायोगिक परीक्षा समय सारणी को ध्यान में रखते हुए सभी विद्यार्थी निर्धारित समयानुसार परीक्षा मे उपस्थित होंवे।

अवैध हथियार व शिकार करने का आरोपी गिरफ्तार

टोंक। पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में अवैध हथियारो की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे पुलिस अभियान के अन्तर्गत दूनी थाना पुलिस ने दो मकानो से अवैध हथियार बरामद किये, जिसमें दो टोपीदार बन्दूक, एक बन्दुक गन, दो चूरा व मांस काटने के लकडी के गुट्टे बरामद किये है। हथियारो का प्रदर्शन करने के आरोप में दो महिला व एक पुरूष को गिरफ्तार किया था।

दो ईनामी आरोपी महिलाऐं गिरफ्तार

टोंक।अरविन्द कुमार के निर्देशन में थानाधिकारी उदयवीर सिंह द्वारा गठित विशेष टीम ने गत 9 माह से हत्या के प्रकरण में फरार चल रही 5-5 हजार रूपये की दो ईमानी आरोपी महिलाओं को गिरफ्तार किया हैं । कल्ली देवी पत्नी पोलूराम मीणा उम्र 50 साल निवासी कुरेडी थाना पीपलू एवं छोटी देवी उर्फ काली देवी उर्फ धापू पत्नी पप्पू मीणा उम्र 45 साल निवासी मीणा की ढाणी कुरेडी को बाद तलाश गिरफ्तार किया।

'बाबा साहेब द्वारा लिखे गए संविधान की रक्षा के लिए मोदी सरकार संकल्पबद्ध'

अलवर। केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने आज संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास जी की 648वीं जयंती के अवसर पर सूर्य नगर मोड़, दिल्ली रोड स्थित अंबेडकर पार्क में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम स्थल पर पहुँचने पर केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि संत रविदास जी के ज्ञान का प्रभाव इतना गहरा था कि संत मीराबाई ने भी अपने भजन में कहा - "गुरु मिल्या रविदास"। उनके तप और विचारों के कारण समाज में व्याप्त छुआछूत और भेदभाव समाप्त हुए और सामाजिक समरसता व भाईचारे की भावना मजबूत हुई।

केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

संविधान की रक्षा के प्रति मोदी सरकार की प्रतिबद्धता केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि संत रविदास जी द्वारा दिए गए जातिवाद तोडऩे के संदेश को बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से आगे बढ़ाया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में बीते 10 वर्षों से बाबा साहेब के संविधान में किए गए प्रावधानों को पूरी प्रतिबद्धता के साथ लागू किया गया है और आगे भी समाज में समानता व सामाजिक न्याय को बनाए रखने के लिए संविधान में आरक्षण व्यवस्था जारी रहेगी। कांग्रेस पर निशाना उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा समाज में भ्रम फैलाने का प्रयास किया जाता है, लेकिन हमारी पार्टी "विकसित भारत" के निर्माण के दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है, जहां सभी को समान अवसर मिलेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने इस दोहे को साकार करते हुए कोविड के बाद से 80 करोड़ लोगों को अन्न उपलब्ध कराया, ताकि कोई भी भूखा न सोए। उन्होंने कहा कि संतों की वाणी को केवल भाषणों में नहीं अपनाना चाहिए, बल्कि उनके विचारों को आत्मसात कर नई पीढ़ी तक पहुँचाना चाहिए। संत रविदास जी का जीवन केवल एक समाज विशेष के लिए नहीं, बल्कि संपूर्ण समाज के लिए प्रेरणा का विषय है। अलवर की संत परंपरा और संकल्प केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा कि भारत संतों की भूमि रहा है और अलवर विशेष रूप से बाबा भरथरी की तपोभूमि रहा है। उन्होंने कहा कि संत रविदास जयंती के शुभ अवसर पर मैं संकल्प लेता हूँ कि हमारी सरकार हर समय सामाजिक समरसता को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध रहेगी।

इस अवसर पर राजस्थान सरकार के वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा, रामगढ़ विधायक सुखवंत सिंह,जिला अध्यक्ष श्री अशोक गुप्ता, पूर्व विधायक ज्ञान देव आहूजा,जिला परिषद सदस्य सरिता राज, मालाखेड़ा प्रधान वीरवती जाटव, उमरैण प्रधान दौलत राम जाटव, पार्षद जगदीश अटल, देशराज वर्मा सहित अनेक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। यह जानकारी जिला मीडिया प्रभारी लक्ष्मी नारायण गुप्ता ने दी।

अफीम के साथ आरोपी गिरफ्तार

बौंली-बामनवास। सवाई माधोपुर जिला पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अवैध मादक पदार्थ, अवैध शराब आदि के विरुद्ध व वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत उदय मोड थाना प्रभारी राजवीर सिंह के नेतृत्व में गठित टीम में शामिल सहायक उप निरीक्षक राजरोषी, कॉन्स्टेबल अखिलेश, राजेश कुमार, हंसराज व रवि कुमार की टीम ने दोराने गस्त अवैध पदार्थ अफीम रखने के आरोपी ओमप्रकाश मीणा उम्र 60 वर्ष निवासी बाढ़रायल पुलिस थाना पीलोदा के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ 124 ग्राम अफीम को जब्त कर 8/18 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।गंगापुर सिटी के सामने से एक व्यक्ति पैदल आता दिखाई दिया जो पुलिस वाहन को देखकर वापस मुड़कर तेज चलने लगा पुलिस को शक होने पर उसे रोककर तलाशी ली गई तो एक पारदर्शी पॉलीथिन थैली में अवैध मादक पदार्थ अफीम शुद्ध वजन 124 ग्राम पाया गया।

परामर्श सेवाओं के सुदृढ़ीकरण हेतु जिला स्तरीय कार्यशाला सम्पन्न

कोटपूतली। जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल ने कहा कि जिले में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ तंबाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श सेवाओं का सुदृढीकरण करते हुए आम जन को बेहतर सेवाएँ प्रदान करें। बुधवार को होटल राजमहल पैलेस में आयोजित कार्यशाला को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर ने यह बात कही।

जिला कलेक्टर ने कहा जिले में नव स्थापित तंबाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श केंद्र को बेहतर बनाने के लिए सभी मिलकर कार्य करें। उन्होंने कहा कि कार्यशाला में जो भी जानकारी दी गई हैं उन्हें फील्ड स्तर पर लागू करे और विद्यार्थी जीवन में प्रेशर के कारण नसे की दुनिया में चले जाते हैं हमें उन्हें नशे से बचाना चाहिए।

कार्यक्रम को सम्बोधित करती जिला कलेक्टर।

सीएमएचओ कोटपूतली बहरोड़ डॉ आशिष सिंह शेखावत ने कहा कि एसआरकेपीएस व स्वास्थ्य विभाग के द्वारा संयुक्त तत्वावधान में तंबाकू मुक्ति जिला बनाने हेतु प्रयास किया जाएगा। शेखावत ने कहा कि जिले में तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान तंबाकू मुक्त ग्राम पंचायत सहित तंबाकू मुक्ति उपचार व परामर्श सेवाओं को करने का कार्य किया जाएगा।

वहीं राजस्थान कैंसर फाउंडेशन अध्यक्ष डॉ राकेश गुप्ता ने कार्यशाला को संबोधित करते हुए तंबाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श सेवा देने हेतु सशक्तिकरण प्रदान किया गया। इससे आसानी से हर तंबाकू उपभोगी रोगी को किसी भी स्वास्थ्य कर्मी द्वारा तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित कर सहायता प्रदान की जाएगी। कार्यशाला के उद्देश्यों पर प्रकाश डाला तथा एसआरकेपीएस डॉ0 दामिनी सिंह व डॉ0 अरिंदम ने भी तंबाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श सेवाओं पर प्रस्तुतीकरण कर जानकारी दी। कार्यक्रम में रविकांत जांगीड़ जिला नोडल अधिकारी द्वारा तंबाकू के अंतर्गत की गई चालान प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी।

- जिले में तंबाकू उपचार व्यवस्था का होगा विस्तार - जिला कलक्टर

शिक्षा से जुड़ी कठिनाइयों को किया साझा, दिया दूर करने का आश्वासन

खैरथल। जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने अलवर मेवात शिक्षा विकास संस्थान की बेहतर कल के लिए पहल पर बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में अलवर मेवात शिक्षा विकास संस्थान की 34 बालिकाओं से संवाद किया और शिक्षा से जुड़ी कठिनाइयों को साझा करते हुए समाधान का आश्वासन दिया।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बालिकाओं से बातचीत करते हुए कहा कि "आज मुस्लिम बालिकाओं को उच्च शिक्षा की ओर बढ़ता देख गर्व महसूस हो रहा है।" उन्होंने शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए सरकार द्वारा दी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने सभी बालिकाओं से उनके लक्ष्य और समस्याओं के बारे में चर्चा की। बालिकाओं ने अपनी शिक्षा से जुड़ी कठिनाइयों को साझा किया, जिस पर कलेक्टर ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने बालिकाओं से सीधे संवाद करते हुए कहा कि आज हम जिन पदों पर हैं, कल आप भी इन पदों पर बैठ सकती हैं। बस आपको पूरी मेहनत और लगन के साथ पढ़ाई करनी होगी।

- बेहतर कल की पहल मेवात शिक्षा संस्थान की 34 बालिकाओं ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर की जिला कलेक्टर से मुलाकात

खैरथल कलेक्ट्रेट में मेवात शिक्षा विकास संस्थान की 34 बालिकाओं से संवाद करते कलेक्टर किशोर कुमार।

जिला कलेक्टर ने बालिकाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि शिक्षा ही वह माध्यम है, जिससे हम अपने सपनों को साकार कर सकते हैं। उन्होंने टाइम टेबल बनाकर पढ़ाई करने और लक्ष्य निर्धारित करने पर जोर दिया।इस कार्यक्रम के माध्यम से बालिकाओं ने जिले के कई प्रशासनिक अधिकारियों से सीधे संवाद कर अपने अनुभव साझा किए और अपने करियर को लेकर नई प्रेरणा ली।

अधिकारियों ने उन्हें आश्वस्त किया कि वे किसी भी कठिनाई में प्रशासन की मदद ले सकती हैं और शिक्षा के माध्यम से अपने सपनों को साकार कर सकती हैं। इस आयोजन ने बालिकाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने लक्ष्य प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया, जिससे वे भविष्य में समाज के लिए एक प्रेरणा बन सकें। मेवात शिक्षा की बालिकाएं किशनगढ़ बास उपखंड कार्यालय पर एसडीएम मनीष कुमार जाटव से मिली।

भव्य श्याम सत्संग एवं फाग महोत्सव का आयोजन

आमेर । इस परंपरा को आगे बढ़ाते हुए, श्री श्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति द्वारा एक भव्य श्याम सत्संग एवं फाग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। यह समिति पिछले 32 वर्षों से श्याम प्रभु की महिमा का प्रचार-प्रसार कर रही है और उनके भजनों के माध्यम से भक्तों को आध्यात्मिक अनुभूति करवा ही है।

इस शुभ आयोजन के प्रेरणास्त्रोत समिति के वरिष्ठ सदस्य श्री रामप्रकाश जी गुप्ता हैं, जो प्रारंभ से ही इस समिति से जुडे हुए हैं। उनके अथक प्रयासों से यह आयोजन 15 फरवरी 2025 को श्री खंडेलवाल महासभा भवन, पानीपेच, आरपीए रोड, शास्त्री नगर, जयपुर में आयोजित किया जा रहा है। यह भव्य श्याम सत्संग सांय 7:00 बजे से प्रारंभ होकर देर रात तक चलेगा, जिसमें श्याम प्रेमी भक्ति के रंग में रंगकर बाबा श्याम का गुणगान करेंगे। अखंड ज्योति प्रज्वलन - श्याम प्रभु की अखंड ज्योति प्रज्वलित की जाएगी, जिससे वातावरण भक्तिमय हो जाएगा।

श्री श्याम प्रभु का विशेष शृंगार किया जाएगा, जिससे श्रद्धालु उनकी दिव्य छवि के दर्शन कर सकेंगे, पूरे आयोजन के दौरान श्याम भक्तों पर पुष्पों की वर्षा की जाएगी, जिससे माहौल और भी पावन बन जाएगा।, बाबा श्याम को भोग अर्पित करने के लिए छप्पन प्रकार के व्यंजन तैयार किए जाएंगे।

- श्री श्याम भजन संध्या परिवार सेवा समिति द्वारा एक भव्य श्याम सत्संग का आयोजन किया जा रहा हैं

इस सत्संग में देश के ख्यातिप्राप्त भजन गायक फाग के विशेष भजनों की प्रस्तुति देंगे, जो भक्तों को आध्यात्मिक आनंद प्रदान करेंगे। फाग महोत्सव के उपलक्ष्य में चंग धमाल का आयोजन होगा, जिसमें भक्त झूमकर बाबा श्याम की भक्ति में लीन होंगे। यह आयोजन हर वर्ष की तरह इस बार भी श्रद्धालुओं के लिए एक अनूठा आध्यात्मिक अनुभव लेकर आएगा। इसमें सम्मिलित होकर श्याम प्रेमी संगीत, भजन और भक्ति के रंग में डूबकर बाबा श्याम का आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं। सभी श्याम प्रेमियों से सादर निमंत्रण है कि वे इस पावन अवसर पर पधारें और बाबा श्याम की अनंत कृपा का लाभ प्राप्त करें।

आधारभूत संरचना की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित

अलवर। जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आधारभूत संरचना संबंधित समस्त कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समय पर संपन्न करवाना सुनिश्चित करें।

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आज प्रमुखतया नगर निगम, सार्वजनिक निर्माण विभाग, नगर विकास न्यास, विद्युत विभाग, जल संसाधन विभाग, आरएसआरडीसी एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के 30 लाख रुपए से अधिक लागत के आधारभूत संरचनाओं (इंफ्रास्ट्रक्चर) की प्रगति की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने नगर विकास न्यास के कार्यों की समीक्षा कर एसटीपी के पानी के पूर्ण पुन:उपयोग की कार्य योजना बनाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने मोती डूंगरी के चिल्ड्रन पार्क को आइडियल सर्व सुविधायुक्त चिल्ड्रन पार्क के रूप में विकसित करने, अच्छी गुणवत्ता के साइकिल ट्रैक निर्माण करने व शहर में दो सार्वजनिक जगहों पर मदर बेबी फीडिंग रूम तैयार करवाने की निर्देश दिए।

जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला ने आधारभूत संरचनाओं (इंफ्रास्ट्रक्चर) की प्रगति की समीक्षा बैठक ली।

उन्होंने नगर निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए नगर निगम आयुक्त को निर्देशित किया कि शहर की वायु गुणवत्ता सुधार हेतु एनकेप (एनसीएपी) के तहत चल रहे कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग कर कार्यों को गुणवत्ता के साथ आगामी चार माह में पूर्ण कराए। उन्होंने निर्देश दिये कि जिले की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार हेतु विभागीय समन्वय स्थापित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि स्वच्छता संबंधी कार्य जैसे शौचालय, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट इत्यादि की डैशबोर्ड बनाकर निगरानी तथा पानी संरक्षण संबंधी कार्य जैसे रेनवाटर हार्वेस्टिंग व एनीकट निर्माण इत्यादि में आवश्यक कार्यवाही करते हुए समयबद्ध पूर्ण करवाएं। उन्होंने निर्देश दिये कि तांगा स्टैण्ड व महिला चिकित्सालय में कम्युनिटी के रूप में पिंक टॉयलेट का निर्माण करावे। उन्होंने अमृत 2.0 प्रथम फेज के तहत शहर में होने वाले सीवरेज कार्य की वस्तुस्थिति जानकर आवश्यक निर्देश दिए।

सार्वजनिक निर्माण विभाग के सडक व भवन निर्माण कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधीक्षण अभियन्ता को निर्देश दिये कि बजट घोषणाओं सहित समस्त कार्यों की विभागीय स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने आरएसआरडीसी के सडक़ एवं भवन निर्माण कार्यों की वस्तु स्थिति जानकर मेडिकल कॉलेज बाउंड्री वॉल तथा 100 बैडेड हॉस्पिटल व क्रिटिकल यूनिट कार्य को यथा समय पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए सीएमएचओ को निर्देश दिये कि प्रतापगढ़ सीएचसी निर्माण कार्यों को प्रारम्भ करावे। जिला चिकित्सालय में शिशु चिकित्सालय उन्नयन के कार्यों की स्थिति की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

अमन ने जे.ई.ई.मेस परीक्षा में 99.01 प्रतिशत अंक हासिल किये

किशनगढ़ बास। हौसले मजबूत हो तो निश्चित सफलता मिलती है यह साबित करके दिखाया है किशनगढ़ बास के गांव मोठूका के अमन लखयाणी ने। अमन ने कहा मंजिल को हासिल करने के लिए मेहनत और मन लगाकर पढ़ाई करनी होती है। बालक अमन लखयाणी ने हाल ही में आयोजित जे.ई.ई.मेस परीक्षा में99.0168 प्रतिशत अंक हासिल कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

बालक की सफलता पर परिवार में खुशी का माहौल। बालक अमन लखयाणी ने बताया वर्ष 2024 में जे.ई.ई.मेस परीक्षा में 93 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए। अंक कम आने पर अच्छा गवर्नमेंट कॉलेज नहीं मिल पाया तो लक्ष्य निर्धारित कर फिर से परीक्षा देने का मन बनाया और 1 साल पीछे होने की परवाह नहीं की और मोबाइल से दूरी रखते हुए अलवर गुरु कृपा में कोचिंग लेकर और 99 प्रतिशत अंक हासिल कर जे.ई.ई.मेसकी परीक्षा पास की। अमन ने सफलता का श्रेय गुरुजनों के साथ अपने परिवार जनों को दिया है।

सार-समाचार

जाम लगने से लोगों में आक्रोश

पावटा। राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पावटा कस्बे के दोनों और बनी सर्विस लाइन पर पुलिस प्रशासन की लापरवाही से आए दिन जाम लगने से लोगों में आक्रोश है। जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए प्रशासन लीपापोती व खानापूर्ति करता है लेकिन कोई ठोस उपाय नहीं कर रहा है । ऐसी ही स्थिति प्रतिदिन देखने को मिलती है। इसका मुख्य कारण चौराहे व सर्विस लाइन पर जगह-जगह अवैध पार्किंग कर दुपहिया व चौपहिया वाहनों का अतिक्रमण है । बेतरतीब वाहन खड़ा रहने के कारण भारी वाहन आने पर जाम की समस्या हो जाती है । अधिकारियों की ओर से कोई ठोस संज्ञान न लिया जाना लोगों के समझ में नहीं आ रहा है । सबसे ज्यादा परेशानी भोनावास फ्लाई ओवर से सी एचसीकट तक होती है । इस मार्ग पर वाहनों का आवागमन ज्यादा है जिसके कारण सबसे ज्यादा जाम इसी रोड पर लगता है । यही नहीं चौराहे पर तैनात यातायात पुलिसकर्मी भी भी जाम हटवाने के बजाय मूकदर्शक बन बैठे रहते हैं । बार - बार जाम की समस्या से परेशान ग्रामीणों ने बताया कि पूर्व में कई बार इस मामले को पावटा उपखंड अधिकारी, प्रागपुरा नगरपालिका ईओ, प्रागपुरा थाना प्रभारी के समक्ष उठाया गया, लेकिन कार्रवाई का भरोसा देकर लोगों को शांत करा दिया गया, कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई जिसके कारण अतिक्रमणकारियों का मनोबल दिन पर दिन बढ़ता जा रहा है।

मासिक बैठक आयोजित

फुलेरा । कस्बे के गणगौरी बाजार स्थित श्री रामद्वारा भवन परिसर में राजस्थान पेंशनर्स समाज उपशाखा फुलेरा की मासिक बैठक का आयोजन शक्ति सिंह की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान पेंशनर्स की विभिन्न समस्याओं को लेकर चर्चा एवं विचार विमर्श किया। साथ ही बैठक में कई पेंशनर्स ने अपनी समस्याओं से अवगत करवाते हुए बताया कि हमारी पेंशन में कटौती की गई है। जिसके चलते विभाग से जानकारी लेने पर बताया कि जिन पेंशनर्स ने अपना पैन कार्ड पेंशन पोर्टल पर अपडेट नहीं करवाया है, उनका टीडीएस काटा गया है। इसको लेकर अध्यक्ष शक्ति सिंह ने पेंशनर्स साथियों से अपील करते हुए कहा कि जिन पेंशनर्स ने अपना पैन कार्ड पेंशन पोर्टल पर अपडेट नहीं करवाया है वह जल्दी ही करवा लेवे। इसके अलावा जो पेंशनर्स बैठक में उपस्थित थे, उनका मौके पर ही मोबाईल फोन द्वारा पेंन कार्ड अपडेट करवाया गया। वहीं शक्ति सिंह ने आगे बताया कि यदि किसी का टीडीएस गलत काटा है तो उसमें 31 मार्च तक सुधार हो सकता है। इसी क्रम में आगे बताया कि केन्द्र सरकार ने 8 वें वेतन आयोग के गठन की मंजूरी दे दी है। क्योंकि केन्द्र हर 10 वर्ष में नया वेतन आयोग लाती है। वहीं बैठक में संगठन को मजबूत बनाने के लिए उपस्थित सभी पेंशनर्स से निवदेन किया गया कि आपके आस-पास जो भी पेंशनर्स रहते है। उन्हें संगठन से जोड़कर सदस्य बनाये। इसके साथ ही प्रदेश कार्यकारणी द्वारा 11 सूत्री मांग पर चर्चा की गई तथा सुझाव आंमत्रित किये गये।

गलत ब्लड चढाने से रोगी की मौत

टोंक। पीडित परिवार ने जिला पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन देकर बताया कि गत 4 जनवरी को सआदत अस्पताल टोंक में मृतक की तबीयत बिगडने पर भर्ती कराया गया था, जहां ड्यूटी पर नियुक्त डॉ. संदीप राजोतिया ने एक प्राईवेट प्रतिष्ठा ब्लड बैक से दो यूनिट ब्लड मंगवाकर चढवाया, बाद में 7 जनवरी को उसे डिस्चार्ज किया गया, लेकिन 9 जनवरी को पुन: रोगी की तबीयत बिगडने पर डॉ. राजीव यादव को दिखाया गया और डॉ. यादव ने भी एक एक यूनिट ब्लड और मृतक हंसराज को चढाया गया। उसकी हालत गम्भीर होने के कारण अन्य डॉ. अंकित विजय ने रोगी को जयपुर एसएमएस अस्पताल के लिए रैफर कर दिया, जहा पर भी ब्लड कम होने के कारण तीन यूनिट ब्लड चढाने की बात कही गई, लेकिन रोगी का ब्लड सेम्पल लेकर जब ब्लड ग्रुप की जांच की गई तो जांच में सामने आया कि रोगी का ब्लड ग्रुप एबी पोजिटिव व ओ पोजिटिव दोनो ग्रुप आ रहे थे, इस पर एसएमएस के डॉक्टर भी कोई निर्णय नही कर पाये तथा वहां के डॉक्टरो ने कहां कि टोंक अस्पताल में गलत ब्लड चढाया गया है, रोगी ने गम्भीर अवस्था के चलते 18 जनवरी को दम तोड दिया।

डिग्गी में उमड़ा आस्था का सैलाब

मालपुरा । सनातन धर्म मे माघ माह की सबसे बडी माघ पुर्णिमा पर बुधवार को धर्म नगरी डिग्गी मे कल्याण जी के दर्शनो के लिये आस्था का सैलाब उमड पडा। सवेरे मंगल आरती से ही भक्तो के आने का क्रम शुरू हुआ। जो कि संध्या आरती तक जारी रहा। कोडी भवन स मंदिर तक कल्याण भक्तो की लम्बी कतारे लगी। सिर पर प्रसाद का थाल लिये जय श्री कल्याण के गुणगान करते कल्याण भक्त घंटो तक लाईनो मे लग मंदिर पहुंच कल्याण जी की मनमोहक झांकी के दर्शन कर हाजरी लगाई। समुचा डिग्गी कस्बा जय श्री कल्याण के जयकारो से गुंज उठा। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिर व कस्बे मे जगह-जगह कडा पुलिस जाप्ता तैनात रहा। भीड मे हर एक गतिविधि पर सीसीटीवी कैमरो से कडी निगरानी रखी गई। कल्याण जी के भक्तो के सैलाब मे शामिल महिलाओं ने कल्याण जी महाराज के भजनो का गुणगान करते देखा गया। माघ पुर्णिमा पर कल्याण जी के दर्शनो का माना गया है विशेष महत्व।

प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

जयपुर । जिला कलक्टर जयपुर डॉ. जितेंद्र कुमार सोनी जी के निर्देशन सक्षम जयपुर अभियान के तहत चाकसू के नगर पालिका के सभागार में नागरिक सुरक्षा जयपुर की डीक्यूआरटी टीम द्वारा एक दिवसीय आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नागरिक सुरक्षा जयपुर के उप नियंत्रक अमित शर्मा ने बताया कि इस ऑन स्पॉट प्रशिक्षण कार्यक्रम में आपातकालीन बचाव के तरीके प्राथमिक चिकित्सा, अग्निशमन के साथ-साथ कुआं , बोरवेल इत्यादि कैसे सुरक्षित रखें और अपनी जान जोखिम में ना डालते हुए कैसे दूसरों की मदद कर सके और किस तरीके से आपदा न्यूनीकरण किया जा सके इसके संबंध में विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान रेस्क्यू टीम से अनुदेशक श्री असरार अहमद, श्री भीम मीणा कार्यशाला में प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन के तौर तरीकों एवं बचाव उपायों की बारीकियों से रूबरू करवाया।

रविदास जयंती 648 सी जयंती मनाई

गोविंदगढ़ /अलवर । गोविंदगढ़ कस्बे में आज दिनांक 12 फरवरी 2025 को संत शिरोमणि श्री रविदास जी महाराज की 648वीं जयंती समारोह का आयोजन हुआ मुख्य बाजारों में होकर जयंती निकाली गई जगह-जगह पर कस्बे वासियों ने भव्य स्वागत किया जलपान की व्यवस्था भी की गई पुष्प वर्षा भी की गई बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया बच्चे बुजुर्ग महिला ने बढ़-चढ़कर भाग लिया जिसमें मुख्य अतिथि सुखवंत सिंह विधायक रामगढ़ विशिष्ट अदिथि योगेंद्र कुमार शर्मा भाजपा मंडल अध्यक्ष रवि कुमार सनातनी पूर्व मंडल अध्यक्ष गोबिंदगढ़ समस्त मीडिया आमंत्रित गोविन्द गौतम पत्रकार हरि सिंह सोलंकी गोविंदगढ़ नीरज गर्ग पूर्व सरपंच श्रीमती उर्मिला अजय अमेठी बनता शर्मा पूर्व सरपंच भौती देवी रामबास सरपंच सुरेश जाटव किदवई सरपंच गुरु सेवक सिंह प्रधान सिक्क समाज राधेश्याम जाटव सीताराम जाटव श्री गुरु रविदास जी कमेटी एवं समस्त जाटव समाज के सभी प्रबुद्ध जन व्यक्ति मौजूद रहे।

लक्ष्मी समिति की जिला अध्यक्ष बनी

श्रीमाधोपुर। परशुराम सेना महिला वाहिनी सेवा समिति की प्रदेश अध्यक्ष उर्मिला जोशी ने पूर्व पालिका उपाध्यक्ष व समाज सेविका विजय लक्ष्मी शर्मा को महिला संगठन के प्रति लगाव रखने पर सीकर जिले की जिला अध्यक्ष नियुक्त किया है। साथ ही शर्मा से अपने पद का निष्ठापूर्वक पालन करते हुए सीकर जिले में परशुराम सेना महिला वाहिनी सेवा समिति को मजबूत बनानें में अपनी अहम भूमिका निभाने की अपेक्षा की है। विजय लक्ष्मी के जिलाध्यक्ष बनने पर विप्र समाज सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों ने खुशी जाहिर की है।

साधारण सभा की बैठक कल

निवाई। नगर पालिका कार्यालय के सभागार में शुक्रवार को विधायक रामसहाय वर्मा की मौजूदगी व पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी की अध्यक्षता में साधारण सभा की बैठक आयोजित होगी। अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट ने बताया कि बैठक में नगरपालिका के वित्तिय वर्ष 2025-26 के प्रस्तावित बजट की स्वीकृति पर विचार विमर्श किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बैठक में मृतक कर्मचारियों के आश्रितों की नियुक्ति का अनुमोदन करने सहित कई विकास कार्यो पर महत्वपूर्ण चर्चा की जाएगी।